संvad

Moving Every Mile With A Smile

# Maheshwari Logistics Ltd.

Coal | Logistics | Paper

Welcome 2023

October - December 2022
ISSUE 17

अप्राप्यं नाम नेहास्ति धीरस्य व्यवसायिनः।

*There is nothing unattainable to the one who has courage and who works hard.*



## स्पर्श

आज मैं आप सबसे एक बहुत ही खास आदत के बारे में बात करना चाहती हूँ। एक ऐसी आदत जिसे हम सभी को अपनाना चाहिए। बच्चों को बचपन से ही इसे अपनी दिनचर्या में लाने के लिए प्रेरित करना चाहिए।


### Reading - पढ़ना

पढ़ना अच्छी आदत होने के साथ एक अनूठा तरीका भी है जो हमारी रचनात्मक सोच और प्रेरणा को एक नयी दिशा प्रदान करता है। पढ़ना सबसे महत्वपूर्ण और अमूल्य गतिविधियों में से एक है। यदि आपने जीवन में कोई किताब पढ़ी है तो आपको पढ़ने का आनंद और ख़ुशी अवश्य पता होगी। पढ़ना एक ऐसा व्यायाम है जो हमारे दिमाग को विकसित करता है, हमारे ज्ञान को बढ़ाने के साथ ही हमें जिंदगी के कई सबक भी सिखाता है। हमारी सकारात्मक सोच को विकसित कर हमें एक बेहतर दृष्टिकोण देता है। हमने बचपन से ये तो सुना ही है कि किताबें इंसान की सबसे अच्छी दोस्त होती हैं। दोस्त होने के साथ ही वे हमारी बहुत अच्छी शिक्षक भी होती हैं, इसलिए रीडिंग हैबिट को अपनी रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाना ही चाहिए।

जीवन के हर मोड़ पर कठिनाइयों से आपका सामना हो सकता है, अगर आप उन कठिनाइयों से लड़ने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होना चाहते हैं तो अपने दिमाग को प्रेरित करने वाले विचारों से सिंचिए, खुद पर भरोसा और आत्मविश्वास बढ़ जाएगा और सारी कठिनाइयाँ अवसर में बदल जाएँगी।

जब भी आप एक अच्छी किताब पढ़ते हैं,
तो कहीं ना कहीं दुनिया में आपके लिए,
रोशनी का एक नया दरवाज़ा खुलता है।

Mukta Maheshwari
Editor - Samvad



## समन्वय

सुज्ञ पाठक बंधु,

साल २०२२ का ये अंतिम त्रिमासिक बुलेटिन आपके हाथों में आ रहा है। हमारे सभी पर्व जिन्हें हम पिछले दो साल से कोविड १९ महामारी की वजह से नहीं मना पा रहे थे, उन्हें इस साल पूरे देश ने बहुत ही उमंग के साथ मनाया। आशा करता हूँ आप सबने भी इन पर्वों को खूब धूमधाम से मना कर आनंद लिया होगा। अब वापस व्यापार उद्योग जगत अपनी गति पकड़ने की राह पर अग्रसर हो रहा था कि वापस कोरोना ने पूरे विश्व को हचमचा दिया है और पूरी दुनिया फिर चिंतित हो गयी है। लेकिन जिंदगी में हमें काम तो करना ही पड़ेगा इसलिए आप सभी से निवेदन करना चाहूँगा कि अपने कार्यक्षेत्र में काम करते समय पूरी सावधानी बरतें। ये बात सही है कि काम ज़रूरी है पर स्वयं को सम्भालना उस से भी ज़्यादा जरुरी है। हम सम्भलेंगे तभी तो हम काम को भी सम्भाल पाएँगे। कहा जाता है –

***“Precaution is better than cure”***

**‘’इलाज से बचाव बेहतर है’’**

कोरोना का सामना करने का यह सबसे अच्छा उपाय है कि हम उससे खुद को बचाए रखें। तो इसका पूरा ध्यान रखते हुए पूरी सतर्कता के साथ काम करें और अपनी कम्पनी के कारोबार को और नयी ऊँचाइयों पर पहुँचाएँ।

यह त्रिमासिक बुलेटिन प्रकाशित होगा कैलेंडर २०२३ की सुबह के साथ तो इसके साथ नए साल की आप सब को मेरी तरफ़ से बहुत बहुत शुभेच्छाएँ।

Krishnavtar Kabra
Mentor, Maheshwari Logistics Ltd.

## We are proud to have you on our Team



Rohit Thakur, Vapi



Gulshan Kumar, Gurgaon

# IN HOUSE TALENT

*Aarnav Maheshwari got certificate for good participation in Karate*




*Arjun Dubey got prize in Pattern Drawing Competition*




*Rina Desai participated and won the cricket match organized by Anavil Mitra Mandal YuvaPankh*



અનાવિલ મિત્ર મંડળ યુવાપાંખે APL ક્રિકેટ સિઝન ૮ યોજી

અમદાવાદની અનાવિલ મિત્ર મંડળ યુવાપાંખ ના નેતૃત્વમાં APL ક્રિકેટ સિઝન - ૮ નું આયોજન તાજેતરમાં સાઉથ બોપલની રાવાની ફાર્મ ક્રિકેટ ગ્રાઉન્ડ માં કરવામાં આવ્યું હતું જેમાં કુલ ૬ મેચ રમાઈ હતી. આ ટુર્નામેન્ટમાં મહિલાઓમાં HK વુમન્સ પાવર અને પુરુષોમાં સર્જન સ્ટ્રાઈકર્સ ટીમ વિજેતા બની હતી અને એનકોન તસકર્સ રનર્સ અપ રહી હતી. વિજેતા ટીમને અમદાવાદના મંડળના પ્રમુખ હેમંતભાઈ દેસાઈ, HK વુમન્સ પાવર ના સ્પોન્સર અને અન્ય હોદ્દેદારો દ્વારા ઈનામ અપાયા હતા.





## आत्मविश्वास .....

### सीटी बजाकर खेल को बंद न करें..

एक बार मैंने स्कूल के मैदान में एक स्थानीय फुटबॉल मैच देखा। वहाँ मैंने एक लड़के से पूछा कि स्कोर क्या है। वे हमसे 3-0 से आगे हैं, उसने मुस्कराते हुए जवाब दिया। मैंने उसे तसल्ली देते हुए कहा कि आप निराश न हों। लड़के ने हैरानी से मेरी तरफ देखा। मैं क्यों निराश होऊं? रेफरी ने खेल समाप्त करने के लिए अभी तक अंतिम सीटी नहीं बजाई है। मुझे टीम और टीम कैप्टन पर पूरा भरोसा है, हम जरूर जीतेंगे। निश्चित तौर पर लड़के की टीम ने 5-4 से गेम जीत लिया। उसने धीरे से मेरी ओर मुस्कराते हुए देखा, हाथ हिलाया और चला गया।

मैं आश्चर्य से देखता रह गया।

ऐसा आत्मविश्वास... इतना दृढ़ विश्वास..!

घर लौटने पर भी उसका प्रश्न मेरे मन में घूम रहा था-

मैं निराश क्यों होऊं? रेफरी ने अभी तक खेल समाप्त करने के लिए अंतिम सीटी नहीं बजाई है।



जीवन भी एक खेल की तरह है, अंत तक उसका डटकर सामना करो। जीवन अभी समाप्त नहीं हुआ तो निराशा क्यों? अंतिम सीटी बजने तक उम्मीद क्यों छोड़ दें? सच्चाई यह है कि बहुत से लोग खेल को समाप्त करने के लिए स्वयं अंतिम सीटी बजाते हैं। लेकिन जब तक जीवन है, तब तक सब कुछ संभव है, और आपके लिए कभी देर नहीं होती।

खेल को स्वयं सीटी बजाकर समाप्त न करें, हार न मानें। अपने प्रयासों पर विश्वास करें।

अपना सर्वश्रेष्ठ करें। आप कर सकते हैं...

**वर्षा महाजन, वापी**

## छोटी-छोटी बड़ी बातें

सफलता हमेशा उनको स्पर्श करती है जो कठिन मेहनत करते हैं न कि सपने देखने वालों को।

ज्ञान से धन प्राप्त कर सकते हैं लेकिन धन से ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। धन की हमें रक्षा करनी पड़ती है जबकि ज्ञान हमारी रक्षा करता है।

बुखार की गोली कड़वी होती है इसलिए उसे निगला जाता है और मीठी गोली को चबाया जाता है उसी तरह जीवन में कड़वाहट को निगलते रहेंगे तो उससे रिश्ते बने रहेंगे।



**फतेह सिंह सिहडार, गांधीधाम**

## नेकी की कहानी

एक बार एक चींटी पानी पीने के लिए नदी के पास गयी। किनारे पर नदी के बहाव के कारण वह नदी में बहने लगी। ऊपर से एक कबूतर यह सब देख रहा था और उसने चींटी की मदद के लिए एक पत्ती नदी में गिरा दी। चींटी पत्ती के ऊपर चढ़कर किनारे आ गयी और कबूतर को अपनी जान बचाने के लिए धन्यवाद दिया।

इसके पश्चात एक दिन एक शिकारी जंगल में शिकार के लिए आया, उसकी नजर कबूतर पर पड़ी और उसने उस पर निशाना लगाया। यह सब चींटी ने देख लिया उसने कबूतर की नेकी को याद किया और तुरंत शिकारी के पाँव में जोर से काटा। शिकारी के चिल्लाने से कबूतर सतर्क हो गया और दूर उड़ गया। इस प्रकार चींटी ने कबूतर की जान बचा ली।



**कहानी की सीख:**

हमेशा दयालुता का परिचय देना चाहिए।
नेकी हमेशा काम आती है।

**विराम सिंह, नागौर**

आप अपने हुनर को इस पते पर भेज सकते हैं, या priyaupadhyaymlpl@gmail.com पर मेल कीजिए ।
Priyanka Dubey, MLL House, Shed No A2-3/2, Opp. UPL, 1st Phase, GIDC, VAPI - 396 195. Mobile No. 98243 02806

## अडूसा




आइए हम कुछ ऐसी चीज़ के बारे में चर्चा करते हैं जिसके बारे में हमें पता होते हुए भी बहुत कुछ नहीं पता है। हमारा देश आयुर्वेद का देश है, सालों से हमारे वैद्य और ऋषिमुनि हमारे ही बीच मिलने वाली चीजों का इस्तेमाल कर के बीमारियों का इलाज करते आए हैं। उन में से एक सामान्य दिखने वाले पर अनेक प्रयोग में आने वाले हैं- अडूसा के पत्ते।



सर्दियों के मौसम में इसका खास प्रयोग होता है सर्दी व खाँसी ठीक करने के लिए। आइए समझते हैं इसका प्रयोग किस तरह करें। ४-५ अडूसा के पत्ते, ४-५ तुलसी के पत्ते, १ छोटा टुकड़ा अदरक, थोड़ा पानी ले कर इन सब चीजों को मिक्सी में पीस कर छान लें फिर उसमें थोड़ा सा सेंधा नमक, थोड़ा सा घी डालें हल्का सा गरम करें और फिर थोड़ा शहद मिला कर पिलाएँ। २-२ चम्मच सुबह शाम प्रयोग में लें। सर्दी खाँसी में राहत मिलेगी। इसे बना कर आप जि में स्टोर भी कर सकते हैं, और जब काम में लेना हो तब हल्का गरम कर के काम में ले सकते हैं।

**प्रियंका दूबे, वापी**


## *How Waterfalls are formed*



Sometimes layers of hard rock form on top of soft rock. When water flows over it, the hard rock resists erosion while the softer rock gets worn away. Thus a lip of hard rock is formed over which the water falls quickly wears away the under layer.

Some waterfalls form along cliffs, like those which border steep valleys. The highest waterfall in the world is Angel Falls in Venezuela in South America. Its total height is 979 metres.

Water rushes down a waterfall with great force. Sometimes, this force is used to produce electricity. This is why hydro-electric power stations are sited alongside waterfalls.




### *Famous Waterfalls of India*

- Shivanasamudra Falls, Karnataka
- Bhagsu Waterfalls, Himachal Pradesh
- Nuranang Falls, Arunachal Pradesh
- Talakona Waterfalls, Andhra Pradesh
- Hogenakkal Waterfalls, Tamil Nadu
- Dhuandhar Falls, Madhya Pradesh
- Nohsngithiang Falls, Meghalaya
- Dudhsagar Waterfalls, Goa
- Soochippara Falls, Kerala
- Jog falls, Karnataka
- Bhimlat falls, Rajasthan
- Mallalli Waterfalls, Coorg
- Meenmutty Falls, Kerala
- Chitrakote Falls, Chhattisgarh
- Athirapally Waterfalls, Kerala
- Elephant Falls, Shillong
- Nohkalikai Falls, Cherrapunji
- Iruppu Falls, Karnataka
- Hebbe Falls, Karnataka
- Khandadhar Waterfall, Odisha
- Barehipani Falls, Odisha



**आयुषी मजीठीया, वापी**


## खेल खेल में

### Sudoku

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | 6 | | 9 | 8 | | | 4 | 3 |
| 4 | 9 | | | 3 | 1 | | | 6 |
| 9 | | 7 | | | | 8 | 6 | |
| | 4 | | | 9 | 8 | | | |
| | | 5 | 4 | | 7 | 1 | | 9 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | 5 |
| 5 | | 8 | 1 | | | | 7 | 2 |
| 2 | | 9 | | 5 | 6 | | 3 | 8 |

### रंग भरो प्रतियोगीता

यह प्रतियोगीता सिर्फ बच्चो के लिए है, और ५ बेस्ट एंट्री के लिए खास ईनाम है।



पिछले अंक में प्रकाशित रिडल्स के सही जवाब है...

1. 10 2. 4

रिडल्स के सही जवाब देने वालों के नाम है...

Vapi- Rajneesh Roy
Gurgaon- Bhargavi Maheshwari

रिडल्स के सही जवाब आपको 15th February तक भेजने है।
जिनके भी जवाब सही होंगे, उनमें से लकी ड्रॉ के द्वारा 5 नाम चुन कर संवाद के अगले अंक में उत्तर के साथ प्रकाशित किए जाएँगे ।

# GLIMPSE OF EVENTS













Diwali Poojan, Mangalore.



Diwali Poojan at MLL House, Vapi





Diwali Poojan at Ahmedabad office



Dusshera Poojan at Ambethi Factory, Vapi

## MLL in Media




Neeraj Maheshwari was interviewed by Yubi, an Indian Fintech Company

majithia - 9825268468